
आई टी एल पब्लिक स्कूल
अर्धवार्षिक परीक्षा ( **2024-25** )
विषय- हिंदी
पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

दिनांक : सितंबर **2024** कक्षा: पंचम
समय : **2** घंटे रोल नंबर:
नाम : निरीक्षक हस्ताक्षर ____

सामान्य निर्देश-
**1**)इस प्रश्न -पत्र में **5** पृष्ठ , **3** भाग और कुल **12** प्रश्न हैं।
**2**) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
**3**)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क | |
|---|---|---|
| प्रश्न **1** | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>**1**) शेर शिकार करता है। जातिवाचक संज्ञा<br>**2**) आदमी ने घोड़े को पानी पिलाया। जातिवाचक संज्ञा<br>**3**) जवाहर लाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। व्यक्तिवाचक संज्ञा<br>**4**)चूहा बिल में घुस गया। जातिवाचक संज्ञा<br>**5**)चिड़िया छत पर बैठी है। जातिवाचक संज्ञा<br>**6**)काम करते - करते मुझे बहुत थकावट हो गई। भाववाचक संज्ञा<br>**7**)जलेबी में बहुत मिठास होती है। भाववाचक संज्ञा<br>**8**)मेज़ पर किताब पड़ी है।जातिवाचक संज्ञा | |
| प्रश्न **2** | नीचे दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा शब्दों में बदलें<br>क) मित्र : मित्रता<br>ख)बच्चा : बचपन<br>ग) दोस्त : दोस्ती<br>घ) मनुष्य : मनुष्यता<br>ड) वीर : वीरता | |
| प्रश्न **3** | निम्नलिखित रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से कीजिए।<br>क) प्रिया की ––माँ–––––– बहुत अच्छी है।<br>ख) राम को ––भूख–––––– लग रही थी। | |

| | | |
|---|---|---|
| | ग) दादी को अब —बुढ़ापाा——— आ गया है।<br>घ) आजकल खाने - पीने की चीज़ों में —मिलावट——— हो रही है। | |
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>क) बादल —गरज———— रहे हैं।<br>ख) मैं किताब खरीद —लूँगा————।<br>ग) अध्यापक ने बच्चों को ——पढ़ाया—।<br>घ)मैंने उसे खाने पर —बुलाया———।<br>ड)वह रोज़ पार्क में ——खेलता——— हैं ।<br>च)मैं कल सिनेमा देखने ——जाऊँगा————। | |
| प्रश्न 5 | निम्न वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>क) बंदर ने केला खाया। (भूतकाल)<br>क) बंदर ने केला खाया था।<br>ख )माँ स्वादिष्ट खाना बनाती है। ( भविष्यत्काल)<br>ख )माँ स्वादिष्ट खाना बनाएगी।<br>ग )मैंने घर की सफाई की थी। (वर्तमान काल)<br>ग )मैं घर की सफाई कर रहा हूँ। | |
| प्रश्न 6 | निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) पहाड़ ः पर्वत गिरि (ख) राजा ः भूप नरेश<br>(ग) आकाश ः नभ गगन (घ) ईश्वर ः प्रभु भगवान | |
| प्रश्न 7 | दिए गए चित्र को पहचानकर उसके दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क)  रक्त खून<br>(ख)   दूध पय<br>(ग  दुर्गा कालिका | |
| | भाग ख | |
| प्रश्न 8 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए<br>एक राजा समय -समय पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाता रहता था ताकि लोगों मे उत्साह बना रहे और विजेता को सम्मानित भी किया जा सके।एक बार उसने राजपुरुष को चुनने के | |

| | | |
|---|---|---|
| | लिए प्रतियोगिता रखी। उसने एक वाटिका बनवाई जिसमें हर तरह की छोटी-बड़ी, सस्ती व महंगी वस्तुएँ रखी गई। लेकिन उन पर उनका मूल्य नहीं लिखा था। राजा ने ऐलान किया कि जो व्यक्ति इनमें से कीमती वस्तु लेकर वाटिका से बाहर आएगा उसे इस वर्षका राजपुरुष घोषित किया जाएगा। लोग वाटिका में जाते और अपनी समझ से सबसे मूल्यवान वस्तु उठा लाते। कोई हीरे जवाहरात लाया तो कोई पुस्तक उठाकर लाया क्योंकि उसके लिए ज्ञान ही अधिक मूल्यवान था। एक गरीब रोटी उठाकर लाया क्योंकि उसकी नज़र में रोटी ही अधिक मूल्यवान थी। तभी एक योगी आया। वाटिका में काफी देर घूमने के बाद वह खाली हाथ बाहर निकला। राजा ने सभी व्यक्तियों द्वारा लाई गई वस्तुओं को देखा। जब योगी की बारी आई तो राजा ने पूछा -तुम क्या लाए हो? उसने कहा -मैं अपने साथ संतोष धन लाया हूँ महाराज। इस वाटिका में आपने जितनी भी वस्तुएँ रखी हैं उन्हें प्राप्त करके जो खुशी होगी वह कुछ पल की होगी पर जिसके पास संतोष है वह सब इच्छाओं से ऊपर होगा और सुखी रहेगा। राजा ने उसे ही राजपुरुष घोषित कर दिया।<br><br>क) राजा प्रतियोगिताएँ क्यों आयोजित करवाता था ?<br><br>राजा समय -समय पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाता रहता था ताकि लोगों मे उत्साह बना रहे और विजेता को सम्मानित भी किया जा सके।<br><br>ख) राजा ने वाटिका में क्या रखवाया ?<br><br>राजा ने वाटिका में हर तरह की छोटी-बड़ी, सस्ती व महंगी वस्तुएँ रखी गईं<br><br>ग) किसे राजपुरुष घोषित किया गया और क्यों?<br><br>राजा ने योगी को राजपुरुष घोषित किया क्योंकि वह वाटिका से संतोष धन लाया था क्योंकि जिसके पास संतोष है वह सब इच्छाओं से ऊपर होगा और सुखी रहेगा।<br><br>घ) निम्न के विलोम शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br><br>क) अमीर ः गरीब ख) दुखी ः सुखी<br><br>ङ) निम्न के समानार्थक शब्द गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br><br>क) बगीचा ः वाटिका ख)प्रसन्नता ः खुशी | |
| प्रश्न 9 | दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखें।<br><br>सच्चा मित्र<br><br>सच्चा मित्र......दुख सुख में साथ .........सोच - समझ कर मित्र बनाना ...... मित्र का प्रभाव<br><br>या<br><br>पुस्तकालय<br><br>पुस्तकालय...... पुस्तकों का घर ......लाइब्रेरी ......छात्र पुस्तकों का चुनाव ...... छात्रों व अध्यापकों के लिए......लाभदायक। | |

| | | |
|---|---|---|
| | भाग ग | |
| प्रश्न 10 | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>सीटी भी है कईतरह की<br>कईतरह के सुंदर खेल<br>चाभी भर देने से भक -भक<br>करती चलने वाली रेल ।<br>गुड़िया भी है बहुत भली -सी<br>पहिने कानों में बाली।<br>क) इन पंक्तियों के कवि व कविता का नाम लिखिए।<br>कविता ः खिलौनेवाला कवि ः सुभद्रा कुमारी चौहान<br>ख) रेलगाड़ी कैसे चलती है ?<br>रेलगाड़ी चाबी भरने से भक भक करके चलती है।<br>ग) गुड़िया कैसी है ?<br>गुड़िया भली सी है।<br>घ)उसने कानों में क्या पहना है ?<br>गुड़िया ने कानों में बाली पहनी हैं। | |
| प्रश्न 11 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।<br>(क)किस त्योहार को भिन्न भिन्न जगहों पर अलग अलग ढंग से मनाया जाता है?<br>(क)मकर संक्राति के त्योहार को भिन्न भिन्न जगहों पर अलग अलग ढंग से मनाया जाता है ।<br>(ख)पाठ 'फसलों के त्योहार ' में लेखक के घर खिचड़ी के त्योहार पर क्या -क्या किया जाता है ?<br>(ख)पाठ 'फसलों के त्योहार ' में लेखक के घर खिचड़ी के त्योहार पर सभी सदस्यों ने स्नान किया। खेले के पत्तों पर तिल , गुड़ और चावल आदि के ढेर लगाए।सभी सदस्यों ने उन्हें प्रणाम<br>(ग)हामिद का जवाब सुनकर अमीना को कैसा लगा? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग)हामिद का जवाब सुनकर अमीना का क्रोध गुस्से में बदल गया।उसे गले से लगा कर वह सोचती रही कि बच्चे में कितना त्याग सद्भाव व विवेक है। वह हामिद को दुआएँ देती रही और आँखों से आँसू बहाती रही।<br><br>(घ)सभी बच्चे ईदगाह जाने के लिए क्यों प्रसन्न थे?<br><br>(घ)सभी बच्चे ईदगाह जाने के लिए प्रसन्न थे क्योंकि वे अपने पैसों की मनपसंद चीज़े खा पी सकते थे ।झूलों का आनन्द ले सकते थे तथा खिलौने भी खरीद सकते थे।<br><br>(ङ)मेले में सभी बच्चों ने कैसे मज़े किए ?<br><br>(ङ)मेले में सभी बच्चों ने खूब मज़े किए जी भर कर झूले लिए अपनी मनम्संद मिठाइयाँ खाई ।अपनी पसंद के खिलौने खरीदे पर हामिद ने ऐसा कुछ नहीं किया। | |
| **प्रश्न 12** | रिक्त स्थान भरें।<br><br>(क)———ईदगाह————— जाने की तैयारियाँ हो रही हैं।<br><br>(ख)गाँव से मेला चला।बच्चों के साथ —हामिद——————— भी जा रहा था।<br><br>(ग)सारा दिन —बोरसी————— के आगे बैठकर हाथ तापते हुए गुज़र जाता है। | |

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/